# राजभवन की जनजातीय प्रकोष्ठ टीम ने तिरला में किया योजनाओं का निरीक्षण

## छात्रावास में जमीन पर सोता मिला छात्र, सिकल सेल मरीजों के घर पहुंचकर ली जानकारी

**धार। राजभवन भोपाल के जनजातीय प्रकोष्ठ की टीम ने तिरला ब्लॉक में दो दिवसीय दौरा कर जनजातीय क्षेत्रों में संचालित शासकीय योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का जमीनी निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र, बालक छात्रावास, सिकल सेल प्रभावित मरीजों के घर तथा वन अधिकार पट्टाधारकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली गई।**

पहले दिन टीम ने तिरला स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां बेडशीट पर गंदगी मिलने पर साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। स्टोर हाउस एवं डिलीवरी वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।



**पर्याप्त बेड उपलब्ध करवाने के निर्देश**-तिरला के बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान एक बेड की कमी के कारण एक छात्र के जमीन पर सोने की स्थिति सामने आई। टीम ने इसे गंभीरता से लेते हुए छात्रावास अधीक्षक को पर्याप्त बेड उपलब्ध कराने तथा किसी भी छात्र को जमीन पर नहीं सुलाने के निर्देश दिए।

### मीनाक्षी सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

दौरे के दूसरे दिन कलेक्टर कार्यालय, धार में सचिव, जनजातीय प्रकोष्ठ, राजभवन भोपाल मीनाक्षी सिंह (IAS) की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना, वन अधिकार अधिनियम एवं सिकल सेल उन्मूलन मिशन सहित जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों से योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, सिकल सेल प्रभावित मरीजों की पहचान एवं उपचार तथा जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम स्वशासन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। दो दिवसीय दौरे के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, छात्रावासों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, सिकल सेल उन्मूलन, वन अधिकार एवं ग्राम स्वशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष फोकस रहा।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश सूची में दिनेश बामनिया शामिल

**बदनावर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने प्रदेश स्तरीय सूची जारी की है। इसमें ग्राम ढोलाना, तहसील बदनावर, जिला धार निवासी दिनेश बामनिया को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।**

**ग्राम ढोलाना निवासी बामनिया को बनाया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य**

दिनेश बामनिया लंबे समय से संगठन एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने संगठनात्मक सफर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से की। इसके बाद वे भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के रूप में तीन बार दायित्व संभाल चुके हैं। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में भी उन्होंने तीन बार जिला महामंत्री के रूप में जिम्मेदारी निभाई है।

इसके अलावा बामनिया रविदास समाज धार के जिला अध्यक्ष तथा संत रविदास समाज के प्रदेश महासचिव का दायित्व भी संभाल चुके हैं। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश सूची में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में नाम शामिल होने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी।

## एक नजर में

### आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवतियों का किया सम्मान



**बाग।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बाग की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 7, किला कॉलोनी में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान गर्भवती महिला की पारंपरिक रीति-रिवाज से गोद भराई कर उन्हें श्रीफल, पोषण आहार उपहार भेंट किए गए। साथ ही पुष्पहारों से स्वागत भी किया गया ? कार्यकर्ता अंतिम भावसार ने माता को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और संस्थागत प्रसव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और पोषण अभियान के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए। कार्यकर्ता भावसार ने महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया की गर्भवती के समय माताए अपने स्वस्थ का पुरा ध्यान रखें समय समय पर जांच करवाते रहें। ओर टीके भी लगवाए ताकी आप ओर आपका शिशु सुरक्षित और स्वस्थ रखें खाने पीने की चिजो विशेष ध्यान रखें उससे भी अपने स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ता है। सेक्टर सुपरवाइजर संगीता बघेल ने बताया की माह के पहले मंगलवार को गोद भराई का कार्यक्रम सभी केन्द्रों पर मनाया जाता है। साथ ही महिलाओं की जागरुकता के लिए यह कार्यक्रम होता है। प्रथम गर्भवती महिलाओं को पांच प्रकार के फल और श्रंग्रार सामग्री लेकर गोद भराई की रस्म पुरी की गई है साथ ही उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार और खान पान की भी जाती है। विशेष कर महिलाओ को मोटे अनाज के सेवन की सलाह दी। इस दौरान सुपरवाइजर दीपिका चौहान, कार्यकर्ता शालिनी शर्मा, अंतिम भावसार, सहायिका सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### भारतीय संस्कृति को बचाना भी सबका कर्तव्य...

**सरदारपुर।** सनातन धर्म के साथ भारत देशवासियों कों भारतीय हिंदू संस्कृति को भी बचाना अपना कर्तव्य है। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि, सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को छोड़कर को दूर हो गए, वे लोग फैसबुक स्टग्राम और वाट्सएप पर मशगूल हो गए हैं, जो कि बड़ी चिंता का विषय है। आमजन के लिए यह बड़ा चिंन्तिय का विषय है। यह बात अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा और श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पधारे प्रवक्ता डॉ राधे-राधे बाबा ने सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला अमझेरा में मंगलवार को कहीं गई। महंत श्री बाबा राधे-राधे बाबा ने प्रवचन के दौरान बताया कि अमझेरा का यह प्राचीन अलोकिक धर्म स्थल और क्रांतिकारी बख्तावरसिंह का कर्म और धर्म स्थल है, पहली बार आगमन पर मालुम हुआ कि यहां रुक्मणी हरण, अमका झंमका माताजी मंदिर, चारभुजा द्वारकाधीश के दर्शन करने के बाद मन प्रफुल्लित हुआ। इन्होंने धर्मालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के भक्त हनुमानजी के राम नाम में बसें रहे, इसलिए हनुमानजी को पूज्यनीय माना गया है। आज़ श्रीराम के जितने मंदिर धर्म स्थल नहीं है,उससे कहीं अधिक कहीं हनुमानजी के मिलेंगे। इसी तरह हम भी समय निकालकर राम नाम का स्मरण करते रहे, ताकि परिवार में सुख-शांति समृद्धि बनी रहे। बैठक के दौरान राधे-राधे बाबा ने बताया कि समिति के निर्णय अनुसार 15 दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान कथा और श्रीराम कथा का आयोजन 19 दिसंबर से 2 जनवरी तक की जाएगी। राधे-राधे बाबा ने उपस्थित धर्मालुओं को संबोधित करते हुए कथा कों लेकर मार्गदर्शन देते हुए बताया कि इसके लिए समिति द्वारा युवा कार्यकर्ताओं को जोड़कर समिति बनाई जाए,और सफल आयोजन के लिए जवाबदारी सौंपा जाए।

### डही में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने पर दवाई का किया छिड़काव

**डही।** बारिश की लंबी खेच व उमस से डही नगर में मच्छरों की भरमार हो गई। लोग परेशान होने लगे। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने का लोगों में भय बना हुआ था। नव

**खबर का असर**



भारत में प्रमुखता से खबर लगने के बाद तुरंत नगर परिषद हरकत में आया। नगर परिषद की सफाई टीम द्वारा सुबह से ही नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख चौराहों गली मोहल्लो में दवाई का छिड़काव किया। वही नगर के पेयजल जल स्रोतों कुओं में भी दवाई का छिड़काव कर आसपास साफ सफाई की। लापरवाही के कारण इन दिनों नगर में मच्छरों की भरमार हो रही थी। नगर के पेयजल स्रोतों कुएं आदि में भी दवाई नहीं डाली जा रही है थी जिसके चलते डेंगू जैसी महामारी फैलने का डर भी सताने लगा था। नगर और आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बुखार-खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा था दवाईयो का डालीं गई और साफ सफाई होने से नगर वासियों को थोड़ी बहुत राहत मिलेगी। लेकिन फायरिंग मशीन शोपीस का बनकर रह गई* जबकि नगर परिषद द्वारा दो-दो फायरिंग मशीन होने के बावजूद भी नगर में मच्छरों से निजात पाने के लिए आज तक दवाई नहीं छीटी गई केवल गली मोहल्ला नालियों पर सूखा पाउडर डालकर इति श्री करली शायद नगर परिषद महामारी का इंतजार कर रहा है। नगर में दवाई का डालीं गई आगे भी स्वच्छता और पेयजल संबंधित सभी समस्याओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देशित किया गया है।

# सांदीपनि स्कूल के छात्र नैतिक सोलंकी को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**नागदा। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभावान छात्र नैतिक सोलंकी, पिता कान्हा सोलंकी को लैपटॉप वितरण योजना के अंतर्गत भोपाल स्थित राजभवन के मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा प्रोत्साहित किया गया।**

यह सम्मान छात्र नैतिक सोलंकी की प्रतिभा, मेहनत एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर-



कमलों से प्राप्त यह प्रोत्साहन छात्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक होने के साथ-साथ सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा के लिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में समरसता कलश यात्रा

**मनावर।** संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर भाजपा के समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही समरसता कलश यात्रा का बाकानेर से प्रवेश के बाद मनावर में भव्य स्वागत किया गया। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा एवं पूजा-अर्चना कर पवित्र कलश का स्वागत किया। खंडेलवाल भवन में कलश पूजन, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम हुआ।

सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर 1008 नरसिंह दास जी महाराज ने कहा कि संत रविदास जी ने प्रेम, सेवा और समर्पण के माध्यम से समाज को समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और संगठन की शक्ति से ही देश आगे बढ़ता है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि व्यक्ति की पहचान जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म, विचार और आचरण से होनी चाहिए।



भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान और युवा कार्यकर्ताओं के उत्साह को संगठन की ताकत बताया।

**संत रविदास महाराज की जन्मभूमि की पवित्र माटी पहुंची मनावर**

भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के तहत संत रविदास जी की जन्मभूमि की पवित्र माटी गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है। इसी क्रम में यह पवित्र माटी और कलश मनावर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का समरसता, समानता और सेवा का संदेश आज की युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायी है।

# प्रशासनिक सुदृढ़ता और जनहित के कार्य सर्वोपरि : एसडीएम पाटील

**कुक्षी।** कुक्षी क्षेत्र के नवपदस्थ अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) आईएएस आशीष पाटील का नगर के विभिन्न समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आत्मीय स्वागत किया।

एसडीएम कार्यालय में आयोजित इस सौजन्य भेंट के दौरान स्वागत करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार पं. मनोहर मंडलोई, नागरिक सुरक्षा समिति के जिला संयोजक व समाजसेवी डॉ. निर्मल कुमार पाटीदार, रेडक्रॉस के बंशीलाल बाड़मेरा, स्काउट गाइड के भूपेंद्र वर्मा और युवा मंच के अध्यक्ष मनीष भावसार शामिल थे। इनके साथ ही पार्षद प्रतिनिधि कुंदन शर्मा, फ्रेंड्स



ग्रुप के अनिल कोठारी, रवि पूनमचंद जैन, नगर सुरक्षा समिति के दिलीप माली, सचिन नामदेव, लव शर्मा, लोकेश भावसार और कान्हा सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने नवागत एसडीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान नवागत आईएएस अधिकारी आशीष पाटिल ने अपनी प्रशासनिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित व सकारात्मक समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# आइडियल किड्स प्ले स्कूल में बच्चों के साथ मनाया जन्माष्टमी पर्व

**डही।** प्राचार्य तसनीम सलूंबरवाला एवं शिक्षकों ने धूमधाम से मनाया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा और कृष्ण जी के रूप में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया। बच्चों ने एकत्रित होकर मटकी फोड़ कार्यक्रम भी किया इस स्कूल में हर वर्ष सभी त्यौहार बच्चों के साथ मनाये जाते हे एवं बच्चों को त्यौहार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाती हे जिससे बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक ज्ञान भी प्राप्त होता है। बच्चों के पालकगणो ने स्कूल के प्रिंसिपल व टीचर्स को कार्यक्रम की प्रशंसा कर बधाई दी।

# एडवोकेट पं. मनीष भार्गव बने जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी

**धार। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी उषा नायडू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के निर्देशानुसार तथा धार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, संगठन महामंत्री परितोष सिंह राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पर्वत सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र सिंह बघेल, विधायक भंवर सिंह शेखावत, विधायक प्रताप ग्रेवाल विधायक हीरालाल अलावा एवं पूर्व विधायक पांचीलाल मेड़ा की की सहमति से घोषित जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में एडवोकेट पंडित मनीष भार्गव को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।**

पंडित मनीष भार्गव की संगठन में लगातार सक्रियता एवं पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भार्गव पिछले कई वर्षों से कांग्रेस संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जिला युवा कांग्रेस महामंत्री, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी सहित विभिन्न जिम्मेदारियों पर रहते हुए पार्टी के प्रत्येक धरना, प्रदर्शन, रैली, मांग एवं ज्ञापन, पदयात्रा, किसान आंदोलन तथा भोपाल में विधानसभा घेराव एवं पार्टी के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई है।



पंडित मनीष भार्गव ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कांग्रेस की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं विचारों को सोशल मीडिया के माध्यम से जिले एवं प्रदेश की जनता तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे धार-महू लोकसभा सोशल मीडिया प्रभारी, अलीराजपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं बदनावर उपचुनाव प्रभारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। भार्गव पूर्व में लगभग चार से पांच बार धार जिला सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में वे प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन कार्यालय मंत्री तथा रतलाम शहर प्रभारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

पंडित मनीष भार्गव की जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्ति पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित धीरज दीक्षित, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीती माहेश्वरी, प्रदेश कांग्रेस सह सचिव हरदेव सिंह जाट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पटेल, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री रोहित कामदार सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष और महामंत्री नियुक्त

**नवभारत न्यूज**

**धार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा अक्षय शर्मा (सुतार) बदनावर निवासी को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा धार जिला अध्यक्ष (शहरी) की घोषणा की हैं। साथ ही मोर्चा जिला महामंत्री के रूप में विपिन राठौर (धार), पंकज जायसवाल बदनावर को बनाया गया।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा धार जिला अध्यक्ष व महामंत्री नियुक्त होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौर सांसद व विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि नवनियुक्त भाजपा पिछड़ा मोर्चा धार जिला अध्यक्ष अक्षय शर्मा पूर्व में बदनावर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पद पर रहें हैं। मोर्चा जिला महामंत्री विपिन राठौर पूर्व में धार नगर भाजपा सेनापति मंडल अध्यक्ष पद व पंकज जायसवाल युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

**एक नजर में** ▶ **5वीं जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता धार में, योग प्रतिभाओं ने किया उम्दा प्रदर्शन**

# कनक पाटीदार, सोनाक्षी और केशव ने जीता स्वर्ण पदक

**धार। भारतीय खेल प्राधिकरण के कुशाभाऊ ठाकरे खेल प्रशिक्षण केंद्र, धार में 5वीं जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस जिला स्तरीय स्पर्धा में ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, पेयर एवं रिदमिक सिंगल व पेयर वर्गों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 110 योग एथलीटों ने हिस्सा लिया। इसमें सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाएं शामिल रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने कुल 18 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य पदक प्राप्त किए।



**शानदार प्रदर्शन कर खिलाड़ियों ने जीते पदक :** प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कनक पाटीदार, सोनाक्षी एवं केशव ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। वहीं लविष्का प्रजापत एवं शिवराज भाटी ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही वेदिका धाकड़ एवं युवराज ने कांस्य पदक जीतकर सफलता हासिल की।

प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका शुभम राठौर, नर्मदा धाकड़ और उमा अतोल्लिया ने निभाई। प्रतियोगिता का उद्घाटन धार जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वयं प्रकाश सोनी और पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश व जिला सचिव प्रदीप सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय प्रभारी, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंदौर यशवंत सिंह भाटी ने की।



समारोह में वरिष्ठ पत्रकार राजेश जी शर्मा, अल्ताफ खान, समाजसेवी ओमप्रकाश सोलंकी व वरिष्ठ समाजसेवी सरोज सोनी तथा प्रसिद्ध दंत चिकित्सक पूजा सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में संभागीय योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. वरुण कुशवाह, यातायात थाना प्रभारी श्री प्रेमसिंह जी ठाकुर, जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष श्री छोटू शास्त्री, जिला प्रेस क्लब सचिव श्री अशोक शास्त्री, पतंजलि योग संस्था से श्री रामभरोसे वर्मा तथा विश्वगीता प्रतिष्ठान के धार जिला संयोजक श्री संतोष जी पाण्डे एवं जिला प्रभारी गीता महोत्सव श्री अशोक जोशी जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में धार जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री रामकिशोर पांडे, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा राठौर, सचिव श्री राजकुमार चौहान, कार्यालय प्रभारी श्री कमल मीनारें सहित श्री महेश आर्य, श्री जीवन पवार, श्री मनोज विश्वकर्मा एवं श्री शंकरलाल पाटीदार का विशेष सहयोग रहा।